1. ट्रस्ट का नाम - आर0एस0वी0 एजूकेशनल ट्रस्ट
2. ट्रस्ट का पता - ग्राम व पोस्ट सफदरगंज, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी
3. ट्रस्ट का कार्य क्षेत्र - सम्पूर्ण भारतवर्ष
4. ट्रस्ट के उद्देश्यः-

1. नागरिकों में राष्ट्रीयता की भावना जागृत करने के उद्देश्य से धर्म निरपेक्ष अहिंसक समाज की रक्षा करना।
2. ट्रस्ट के कार्यक्षेत्र में शिक्षा का समुचित विकास करना प्राथमिक शिक्षा से लेकर बालक/बालिकाओं के लिए हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक, परास्नातक स्तर के विद्यालयो व महाविद्यालयो एवं उच्च शिक्षा के विद्यालय (हिन्दी/इंग्लिश मीडियम) पुस्तकालय, वाचनालय एवं स्वास्थ्य केन्द्रों की निःशुल्क स्थापना एवं उसका प्रबन्ध करना बाल श्रमिकों के लिए प्रशिक्षण युक्त विद्यालयों का संचालन करना।
3. जन साधारण के कल्याणकारी कार्यों को करना महिला कल्याण हेतु निःशुल्क निराश्रित महिला कल्याण केन्द्रों, नारी निकेतनों, शिल्प-कला केन्द्रों, कढ़ाई, बुनाई, प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों, अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों तथा स्वास्थ्य केन्द्रों आदि को खोलने अशिक्षित लोगों के लिये तकनीकी शिक्षा एवं खादी ग्रामों उद्योग के प्रशिक्षण की व्यवस्था एवं उसका संचालन करना। विकलांग, वृद्ध एवं सामाजिक दृष्टि से पिछड़े तथा निराश्रित वर्ग के लोगों के लिए कल्याण का कार्य करना।
4. प्रदेश के लोगों के लिए सामान्य जीवन उठाने के हेतु कृषि पशु-पालन, खादी सहित समस्त ग्रामीण उद्योगों के कार्यक्रम का निःशुल्क प्रचार एवं प्रसार करना है।